भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 171
उत्तर देने की तारीख : 03 फरवरी, 2020

शास्त्रीय भाषाओं की स्थिति

171. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे :
श्री हेमन्त पाटिल :
डॉ॰ सुजय विखे पाटील :
डॉ॰ श्रीकांत शिंदे :
श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव निम्बालकर :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्राप्त भारतीय भाषाओं का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने शास्त्रीय भाषा की विभिन्न परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कोई योजना लागू की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक शास्त्रीय भाषा के लिए प्रदान की गई धनराशि का भाषा-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार को विगत तीन वर्षों के दौरान शास्त्रीय भाषा परियोजनाओं के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)
संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) : छः भारतीय भाषाएं हैं, नामतः तमिल, संस्कृत, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, ओड़िया जिन्हें शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान किया गया है।

(ख) और (ग) : संस्कृत भाषा के लिए मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान (आरएसकेएस), नई दिल्ली को इस भाषा को बढ़ावा देने के लिए नोडल प्राधिकारी के रूप में निर्धारित किया गया है।

शास्त्रीय तेलुगु और शास्त्रीय कन्नड़ के लिए, एचआरडी मंत्रालय ने 2011 के दौरान केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान (सीआईआईएल), मैसूर में संबंधित भाषाओं में अध्ययन के लिए उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किए हैं।

शास्त्रीय तमिल भाषा के संबंध में, एचआरडी मंत्रालय द्वारा केन्द्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान (सीआईसीटी), चेन्नई नामक स्वायत्त संगठन चेन्नई में स्थापित किया गया है।

इसके अलावा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने हैदराबाद विश्वविद्यालय में तेलुगु में शास्त्रीय भाषा केन्द्र और कर्नाटक केन्द्रीय विश्वविद्यालय में कन्नड़ में शास्त्रीय भाषा केन्द्र का अनुमोदन प्रदान किया है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा शास्त्रीय भाषाओं के संवर्धन हेतु कार्यरत आरएसकेएस, सीआईसीटी और सीआईआईएल को जारी किए गए/आवंटित अनुदानों का ब्यौरा निम्नानुसार है :

क्र. सं.	संस्थान	भाषा	2017-18	2018-19	2019-20
1.	राष्ट्रीय संस्कृति संस्थान	संस्कृत	19831.06	21437.99	23115
2.	केन्द्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान	तमिल	1059	465	770
3.	केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान	तेलुगु	100	99	107
		कन्नड़	100	99	107

(घ) और (ङ) : एचआरडी मंत्रालय द्वारा शास्त्रीय ओड़िया और शास्त्रीय मलयालम के लिए उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है।

***